कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं बी.एड. संकायों की नैक (B++) प्रत्यायित संस्था

# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय

सिविल लाइन्स, गोरखपुर–273001

**सम्बद्ध : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर**

# दिगंत

## ई-पत्रिका:फरवरी-2026



उत्तर प्रदेश शासन द्वारा 'अ' श्रेणी में वर्गीकृत


**Website** : www.dnpgcollege.edu.in **Helpline Email** : dnpgonline@gmail.com

**Office Email** : dnpggkp@gmail.com **Contact Number** : 0551-2334549

For Social App links (Click one icon) :




# दिगंत-ई-पत्रिका:फरवरी-2026

## संरक्षक मण्डल



परमपूज्य गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ जी महाराज

## मुख्य संरक्षक



श्री प्रमोद कुमार चौधरी

उपाध्यक्ष, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद, गोरखपुर

## सम्पादक मण्डल



प्रो. ओम प्रकाश सिंह

प्राचार्य



डॉ. सुभाष चन्द्र

संयोजक

## प्रधान सम्पादक



डॉ. विभा सिंह

सदस्य

सम्पादक समिति



डॉ. प्रियंका सिंह

सदस्य

सम्पादक समिति



श्री अश्वनी कुमार श्रीवास्तव


तकनीकी सहायक



February-2026

# कार्यक्रम-विवरण

| क्र.सं. | दिनांक एवं दिन | विभाग का नाम | कार्यक्रम का नाम | पेज नं. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 04.02.2026 बुधवार | महाविद्यालय | दिग्विजयनाथ वित्तपोषण योजना के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए वित्तीय सहायता हेतु साक्षात्कार प्रक्रिया | 1—2 |
| 2 | 04.02.2026 बुधवार | महाविद्यालय | यूथ पावर एसोसिएशन एवं गंगा समग्र गोरक्ष प्रान्त द्वारा 'जल है तो कल है' विषय पर कार्यशाला का आयोजन | 2—3 |
| 3 | 06.02.2026 शुक्रवार | महाविद्यालय | पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रम श्रृंखला | 3—4 |
| 4 | 12.02.2026 वृहस्पतिवार | भूगोल एवं वनस्पति विज्ञान विभाग | "भौगोलिक सूचना प्रणाली एवं अनुप्रयोग" विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन | 4—5 |
| 5 | 14.02.2026 शनिवार | रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन | पुलवामा शहीद दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन | 5 |
| 6 | 18.02.2026 बुधवार | राजनीति विज्ञान विभाग | भारत में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव तथा निर्वाचन आयोग एस.आई.आर. प्रक्रिया के विशेष संदर्भ में विशिष्ट व्याख्यान | 6 |
| 7 | 20.02.2026 वृहस्पतिवार | बी.एड.विभाग | शिक्षक शिक्षा विभाग में द्विदिवसीय योग कार्यशाला का आयोजन | 7 |
| 8 | 21.02.2026 शनिवार | बी.एड.विभाग | शिक्षक शिक्षा विभाग में योग कार्यशाला का समापन | 8 |
| 9 | 21.02.2026 शनिवार | महाविद्यालय | महाविद्यालय द्वारा NIRF 2026 का ऑनलाइन सबमिशन कार्य सफलतापूर्वक | 8 |
| 10 | 23.02.2026 सोमवार | बी.एड.विभाग | सूक्ष्म—शिक्षण, शिक्षण कौशलों के विकास की एक प्रभावी तकनीक—डॉ. अर्जुन सोनकर | 9 |
| 11 | 24.02.2026 मंगलवार | रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग | "भारत द्वारा संचालित विशेष सैन्य अभियान : रणनीति साहस और राष्ट्रीय सुरक्षा" विषय पर विशिष्ट व्याख्यान | 10 |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 12 | 24.02.2026 मंगलवार | बी.एड.विभाग | सूक्ष्म–शिक्षण कार्यशाला का आयोजन | 11 |
| 13 | 24.02.2026 मंगलवार | समाजशास्त्र विभाग | ''नई शिक्षा नीति–2020' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन | 12 |
| 14 | 25.02.2026 बुधवार | महाविद्यालय | वार्षिक क्रीड़ा समारोह 2025–26 उद्घाटन | 13–14 |
| 15 | 25.02.2026 बुधवार | महाविद्यालय | छात्र परिषद का गठन | 14 |
| 16 | 26.02.2026 वृहस्पतिवार | रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग | एयर स्ट्राइक दिवस के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन | 15 |
| 17 | 26.02.2026 वृहस्पतिवार | महाविद्यालय | वार्षिक क्रीड़ा समारोह 2025–26 का भव्य समापन गोरखपुर | 16 |
| 18 | 27.02.2026 शुक्रवार | महाविद्यालय | बैंकिंग करियर निर्माण हेतु मार्गदर्शन सेमिनार का सफल आयोजन | 17–18 |
| 19 | 27.02.2026 शुक्रवार | महाविद्यालय | अखिल भारतीय अन्तरविश्वविद्यालय बाक्सिंग पुरूष में महाविद्यालय के छात्र का चयन | 18 |
| 20 | 27.02.2026 शुक्रवार | आई.क्यू.ए.सी.एवं प्राणि विज्ञान विभाग | ''इम्पैक्ट ऑफ एसिड रेन ऑन प्लान्ट ग्रोथ'' विषय पर अतिथि व्याख्यान | 19 |
| 21 | 28.02.2026 शनिवार | महाविद्यालय | संस्थागत नवाचार प्रकोष्ठ के तत्वावधान में नवाचार प्रदर्शनी का आयोजन | 20–21 |

Feburary-2026



# महाविद्यालय की दिग्विजयनाथ वित्तपोषण योजना के अन्तर्गत आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए वित्तीय सहायता हेतु साक्षात्कार प्रक्रिया







महाविद्यालय में एक महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायी आयोजन दिनांक 4 फरवरी, 2026 को महाविद्यालय की दिग्विजयनाथ वित्तपोषण योजना' के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए वित्तीय सहायता हेतु साक्षात्कार प्रक्रिया का सफल आयोजन किया गया। निर्धारित समितियों द्वारा महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के मध्य से कठोर मूल्यांकन के पश्चात कुल 202 विद्यार्थियों का चयन किया गया। यह योजना न केवल आर्थिक रूप से वंचित युवाओं को उच्च शिक्षा के द्वार खोलने में सहायक सिद्ध हो रही है, अपितु सामाजिक समानता एवं समावेशी विकास की दिशा में महाविद्यालय की दृढ़ प्रतिबद्धता को भी प्रतिबिंबित करती है।

**समन्वयक डॉ. अनीता कुमारी ने इस अवसर पर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए विस्तृत जानकारी प्रदान की।** उन्होंने बताया कि इस योजना के लिए 580 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था, जबकि साक्षात्कार में 510 विद्यार्थी उपस्थित हुए। इनमें से योग्यता एवं अर्हता के कठिन मानदंडों पर खरा उतरते हुए 202 विद्यार्थी अर्ह पाए गए। यह योजना महाविद्यालय में प्रथम बार वर्ष 2023 में प्रारंभ की गई थी। तदोपरांत, प्रतिवर्ष स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों को महाविद्यालय द्वारा



सीधे उनके खातों में धनराशि उपलब्ध कराई जाती रही है। इस योजना ने अब तक सैकड़ों विद्यार्थियों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है, जिससे वे न केवल अपनी शिक्षा पूर्ण कर रहे हैं, बल्कि समाज में योगदानकर्ता के रूप में उभर भी रहे हैं।

**महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर ओम प्रकाश सिंह ने इस साक्षात्कार प्रक्रिया के सफल समापन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा,** दिग्विजयनाथ वित्तपोषण योजना महाविद्यालय की एक क्रांतिकारी पहल है, जो आर्थिक बाधाओं को दूर कर प्रतिभाओं को पंख प्रदान करती है। हमारा उद्देश्य है कि कोई भी योग्य विद्यार्थी आर्थिक अभाव के कारण शिक्षा से वंचित न रहे।

## यूथ पावर एसोसिएशन एवं गंगा समग्र गोरक्ष प्रान्त द्वारा 'जल है तो कल है' विषय पर कार्यशाला का आयोजन





दिनांक 04.02.2026 को महाविद्यालय के सभागार में यूथ पावर एसोसिएशन एवं गंगा समग्र के संयुक्त तत्वावधान में "जल है तो कल है" विषय पर एक कार्यशाला एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जल संरक्षण, जल प्रबंधन तथा भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित जल उपलब्धता को लेकर जन–जागरूकता फैलाना रहा।

**कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्वांचल के प्रख्यात पर्यावरणविद एवं मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वरिष्ठ आचार्य प्रो. गोविंद पाण्डेय रहे। अपने प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने कहा कि** जल केवल एक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। उन्होंने "जितनी आवश्यकता, उतना पानी" का संकल्प दिलाते हुए कहा कि जल की प्रत्येक बूंद अमूल्य है। **कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राघवेंद्र**

**कुमार (महाप्रबंधक, जल–कल) ने कहा कि** शहरी क्षेत्रों में जल प्रबंधन एक बड़ी चुनौती बन चुका है। उन्होंने जलापूर्ति सुधार, लीकेज नियंत्रण एवं जल संरक्षण हेतु चलाई जा रही योजनाओं में जन–सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। **वहीं आशीष जायसवाल (जिला परियोजना अधिकारी, नमामि गंगे, गोरखपुर) ने कहा कि** नमामि गंगे परियोजना का उद्देश्य केवल नदियों की सफाई नहीं, बल्कि नदी संस्कृति को पुनर्जीवित करना है। **कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि** जल के बिना जीवन, सभ्यता और विश्व कल्याण की कल्पना असंभव है। शिक्षा संस्थानों की जिम्मेदारी है कि वे छात्रों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करें और जल संरक्षण को जीवन–आचरण का हिस्सा बनाएं। **यूथ पावर एसोसिएशन के अध्यक्ष शिव प्रसाद शुक्ला ने विषय** प्रस्तावना रखते हुए बढ़ते जल संकट पर चिंता व्यक्त की तथा संगठन द्वारा चलाए जा रहे जन–जागरूकता अभियानों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन अतुल कृष्ण मिश्र ने किया तथा डॉ. कमलेश कुमार मौर्य ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। **कैंपस एंबेसडर कार्यक्रम के तहत "जल रक्षक" नियुक्त**– कार्यक्रम के दौरान दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थियों को जल संरक्षण मुहिम को कैंपस से कम्युनिटी तक ले जाने हेतु कैंपस एंबेसडर प्रोग्राम के अंतर्गत "जल रक्षक" नियुक्त किया गया।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रम श्रृंखला





**दिनांक 06.02.2026 को महाविद्यालय एवं दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ, दी.द.उ. विश्वविद्यालय, गोरखपुर** के संयुक्त तत्वावधान में **पं० दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह** के उपलक्ष्य में आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रम श्रृंखला के अन्तर्गत भाषण प्रतियोगिता, निबन्ध लेखन प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता तथा वीरांगना परिधान प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय परिसर में सम्पन्न हुआ।

**भाषण प्रतियोगिता में** प्रथम स्थान पर आशी सिंह, सी.आर.डी.पी.जी.कालेज, गोरखपुर द्वितीय स्थान पर प्रद्युम्न दूबे, दिग्विजयनाथ पी.जी.कालेज, गोरखपुर तथा तृतीय स्थान पर रीतिका वर्मा, सी. आर.डी.पी.जी.कालेज, गोरखपुर रहीं। **निबन्ध लेखन प्रतियोगिता में** प्रथम स्थान पर आशी सिंह, सी. आर.डी.पी.जी.कालेज, गोरखपुर द्वितीय स्थान पर प्रद्युम्न दूबे एवं आयुषी शाही, दिग्विजयनाथ पी.जी. कालेज, गोरखपुर तथा तृतीय स्थान पर कुमारी वर्षा, दिग्विजयनाथ पी.जी.कालेज, गोरखपुर रहीं।

**पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में** प्रथम स्थान पर अनुश्री साहनी, सी.आर.डी.पी.जी.कालेज, गोरखपुर द्वितीय स्थान पर सौम्या सोनकर, गंगोत्री देवी महिला महाविद्यालय, गोरखपुर तथा तृतीय स्थान पर मुस्कान मद्धेशिया दिग्विजयनाथ पी.जी.कालेज, गोरखपुर रहीं। **वीरांगना परिधान प्रतियोगिता में** प्रथम स्थान पर रीतिका शुक्ला, दिग्विजयनाथ पी.जी.कालेज, गोरखपुर, द्वितीय स्थान पर प्रांजलि प्रिया, दिग्विजयनाथ पी.जी.कालेज, गोरखपुर तथा तृतीय स्थान पर आराध्या पटवा, सी.आर.डी.पी.जी.कालेज, गोरखपुर रहीं। कार्यक्रम की **अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह** ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के अन्दर निहित प्रतिभा को निखारने का मंच प्रदान करता है। पं0 दीनदयाल जी का एकात्म मानववाद का संदेश आज भी प्रासंगिक है।

## ‘‘भौगोलिक सूचना प्रणाली एवं अनुप्रयोग’’ विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन





दिनांक 12.02.2026 को महाविद्यालय के **भूगोल एवं वनस्पति विज्ञान विभाग** के संयुक्त तत्वावधान में **‘‘भौगोलिक सूचना प्रणाली एवं अनुप्रयोग’’** विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में **डॉ. स्वर्णिमा सिंह, सहायक आचार्य, भूगोल विभाग, दी0द0उ0, गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर** थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने किया, तथा इस विशिष्ट व्याख्यान के संयोजक डॉ. कमलेश कुमार मौर्य, प्रभारी भूगोल विभाग तथा

February-2026

सहसंयोजक श्री धर्मचन्द्र विश्वकर्मा प्रभारी वनस्पति विज्ञान विभाग रहे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य वक्ता/मुख्य अतिथि ने भौगोलिक सूचना प्रणाली एवं उसके अनुप्रयोगों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जी.आई.एस. हमारे दैनिक जीवन में प्रतिदिन उपयोग हो रहा है। जी.आई.एस. का उपयोग कृषि क्षेत्र मे, नगरीकरण में, स्वास्थ्य में, शिक्षा में, व्यवसाय एवं विपणन में मौसम एवं आपदा प्रबन्धन में, पर्यावरण संरक्षण में तथा शहरी एवं ग्रामीण नियोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के **प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह** ने कहा कि आज जी. आई.एस. का प्रयोग हर जगह हो रहा है, कृषि क्षेत्र में ड्रोन का उपयोग और बालाकोट स्ट्राइक में हम इसके उपयोग को देख सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन वनस्पति विज्ञान प्रभारी श्री धर्मचन्द विश्वकर्मा ने किया।

## पुलवामा शहीद दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन





दिनांक 14 फरवरी 2026 को महाविद्यालय, गोरखपुर में **पुलवामा शहीद दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा** का आयोजन किया गया इस अवसर पर हिंदी विभाग के प्रभारी प्रोफेसर नित्यानंद श्रीवास्तव ने कहा की पुलवामा में हुआ आतंकी हमला एक कायराना कृत्य था। इस अवसर पर रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग के **प्रभारी डॉ. राम प्रसाद यादव ने** कहा कि राज्य प्रायोजित आतंकवाद पाकिस्तान की नीति का प्रमुख हिस्सा रहा है, वह भारत के विरुद्ध समय–समय पर आतंकी कार्यों के माध्यम से क्षति पहुंचने कार्य करता है।

## भारत में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव तथा निर्वाचन आयोग एस.आई.आर. प्रक्रिया के विशेष संदर्भ में राजनीति विज्ञान विभाग विशिष्ट व्याख्यान






**दिनांक 18.02.2026 को** महाविद्यालय **के राजनीति विज्ञान विभाग** ने **भारत में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव तथा निर्वाचन आयोग एस.आई.आर. प्रक्रिया** के विशेष संदर्भ में **विशिष्ट व्याख्यान** का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि **सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर के सहायक आचार्य, डॉ. अविनाश प्रताप सिंह** थे। छात्रों उन्होंने संबोधित करते हुए लोकतंत्र की मूलभूत आधारशिला–स्वतंत्र चुनावों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।

उन्होंने ई.सी.आई. की स्वायत्तता पर चर्चा करते हुए सुझाव दिया कि एसआईआर के तहत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रीयल–टाइम डेटा उपलब्ध कराया जाए, जिससे नागरिक सक्रिय भागीदार बनें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के **प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह** ने व्याख्यान को अत्यंत प्रासंगिक बताते हुए छात्रों से लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प लेने का आह्वान किया।

## शिक्षक शिक्षा विभाग में द्विदिवसीय योग कार्यशाला का आयोजन





**दिनांक 20–02–2026 को महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षा विभाग में द्वितीय सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं हेतु द्विदिवसीय योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के प्रथम चरण में योग प्रशिक्षिका डा. पूजा गुप्ता, ब्राइट योग कंसल्टेसी, गोरखपुर द्वारा योग का सैद्धांतिक ज्ञान प्रदान किया गया।** उन्होंने योग के महत्व, उद्देश्यों तथा उसके विभिन्न अंगों एवं साधनों के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

**कार्यक्रम के द्वितीय चरण में विद्यार्थियों का प्रायोगिक सत्र आयोजित किया गया।** प्रायोगिक सत्र का प्रारंभ विद्यार्थियों द्वारा '**ॐ**' के उच्चारण के साथ किया गया। इसके पश्चात सूक्ष्म यौगिक क्रियाओं का अभ्यास कराया गया।

## शिक्षक शिक्षा विभाग में योग कार्यशाला का समापन







दिनांक 21.02.2026 को महाविद्यालय गोरखपुर के शिक्षक शिक्षा विभाग में द्विदिवसीय योग कार्यशाला का समापन हुआ।

कार्यशाला के समापन के अवसर पर प्रथम सत्र में योग प्रशिक्षिका डॉ. पूजा गुप्ता द्वारा प्रशिक्षुओं हेतु अभ्यास सत्र का आयोजन किया गया ।

द्वितीय सत्र में विशेष समूह चर्चा का आयोजन किया गया जिसमें प्रशिक्षुओ ने प्रश्नों के माध्यम से अपने स्वास्थ्य सम्बन्धी जिज्ञासाओं को संतुष्ट किया। समस्त प्रशिक्षुओं ने प्रशिक्षिका के समक्ष क्रमवार समूह में एक–एक योग करके दिखाया।

## महाविद्यालय द्वारा NIRF 2026 का ऑनलाइन सबमिशन कार्य सफलतापूर्वक



दिनांक 21.02.2026 महाविद्यालय को NIRF 2026 का ऑनलाइन सबमिशन कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया।

यह महत्वपूर्ण कार्य प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर आई. क्यू.ए.सी. समन्वयक प्रो परीक्षित सिंह तथा नोडल ऑफिसर, AISHE डॉ. पवन कुमार पाण्डेय सहित समस्त संबंधित शिक्षक एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही। प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने NIRF सबमिशन कार्य की सफलता पर पूरी टीम को हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान कीं तथा सभी विभागों और कार्यालय के कर्मचारियों के समर्पण एवं सहयोग की सराहना की।

## सूक्ष्म-शिक्षण, शिक्षण कौशलों के विकास विषय पर कार्यशाला




दिनांक 23.02.2026 को महाविद्यालय के शिक्षक–शिक्षा (बी.एड.) विभाग में सूक्ष्म–शिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला दो सत्रों में आयोजित की गई। प्रथम सत्र के विषय विशेषज्ञ–डॉ. अर्जुन सोनकर (सहायक आचार्य, शिक्षा संकाय, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर) रहे। इन्होने अपने व्याख्यान में सूक्ष्म–शिक्षण की अवधारणा को विस्तार से स्पष्ट करते हुए बताया कि यह शिक्षण–कौशलों के विकास की एक प्रभावी तकनीक है।




कार्यशाला के द्वितीय चरण में विभाग के सहायक आचार्य श्री प्रदीप कुमार यादव द्वारा पाठ प्रस्तावना कौशल एवं उसके घटकों पर विस्तार से चर्चा की गई एवं अभ्यास कराया गया। अपने वक्तव्य में आपने पाठ प्रस्तावना कौशल को शिक्षण की आधारशिला बताया।

## "भारत द्वारा संचालित विशेष सैन्य अभियान : रणनीति साहस और राष्ट्रीय सुरक्षा"
## विषय पर विशिष्ट व्याख्यान






दिनांक 24.02.2026 को महाविद्यालय गोरखपुर के रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग द्वारा "भारत द्वारा संचालित विशेष सैन्य अभियान : रणनीति साहस और राष्ट्रीय सुरक्षा" विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. आरती यादव, सहायक आचार्य, रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग, दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर थी उन्होंने कहा कि "भारत की रणनीति संयम और सुरक्षा का संतुलित समन्वय है। 1984 में सियाचिन क्षेत्र में पहली बार 'विशेष सैन्य अभियान' **आपरेशन मेघदूत** का संचालन किया था। सियाचिन की विपरीत भौगोलिक परिस्थितियों में यह सैन्य अभियान बहुत ही दुष्कर था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कला संकाय पूर्वी परिसर के प्रभारी एवं हिन्दी विभाग के प्रभारी प्रो0 नित्यानन्द श्रीवास्तव ने कहा कि भारत ने **आपरेशन सिन्दूर** तथा **विशेष सैन्य अभियानों** में आधुनिक सैन्य क्षमता का प्रयोग करते हुए पूरी दुनियॉ को अपनी सैन्य शक्ति से अवगत कराते हुए यह चेतावनी भी दे डाली कि भारत किसी प्रकार के युद्ध को लड़ने में सक्षम तथा समर्थ है।

## सूक्ष्म-शिक्षण कार्यशाला का आयोजन




दिनांक 24.02.2026 को महाविद्यालय के शिक्षक–शिक्षा (बी.एड.) विभाग में सूक्ष्म–शिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला तीन सत्रों में आयोजित की गई। प्रथम सत्र के विषय विशेषज्ञ विभाग के सहायक आचार्य श्री गोपाल सिंह रहे। इस सत्र में आपने अनुशीलन प्रश्न कौशल पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला।



द्वितीय सत्र के विषय विशेषज्ञ विभाग के सहायक आचार्य श्री राकेश कुमार सिंह रहे । आपने पुनर्बलन कौशल पर विस्तार से चर्चा की। तृतीय सत्र की विषय विशेषज्ञ विभाग की आचार्य प्रो० शुभ्रा श्रीवास्तव रही। आपके द्वारा श्यामपट्ट लेखन कौशल पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला गया। अपने वक्तव्य में आपने बताया कि श्यामपट्ट लेखन कौशल प्रभावी शिक्षण का एक अत्यंत महत्वपूर्ण कड़ी है। स्पष्ट, सुगठित एवं सुव्यवस्थित लेखन विद्यार्थियों के अधिगम को सरल और स्थायी बनाता है। आपने श्यामपट्ट पर लिखते समय अक्षरों की स्पष्टता, उचित आकार, संतुलित दूरी, क्रमबद्ध प्रस्तुति तथा मुख्य बिंदुओं को रेखांकित करने जैसे आवश्यक तत्वों पर विशेष जोर दिया। आपने यह भी बताया कि शिक्षक का श्यामपट्ट लेखन विद्यार्थियों के लिए आदर्श प्रस्तुत करता है, अतः लेखन में शुद्धता एवं सौंदर्य दोनों का समन्वय होना चाहिए। कार्यशाला में विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए श्यामपट्ट लेखन का अभ्यास भी किया।

## समाजशास्त्र विभाग द्वारा ''नई शिक्षा नीति-2020' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन






दिनांक 24.02.2026 गोरखपुर। **दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा "नई शिक्षा नीति–2020' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन** किया गया तत्पश्चात विद्यार्थियों के बीच प्रश्न–मच का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में **मुख्य वक्ता प्रो. अर्चना सिंह, प्रभारी, समाजशास्त्र विभाग** ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति का उद्देश्य भारतीय शिक्षा प्रणाली को 21वीं सदी की जरूरतों के अनुरूप आधुनिक, लचीला और भारतीय मूल्यों से जोड़ना है। यह नीति चरणबद्ध तरीके से लागू की जा रही है। जिसका लक्ष्य भारत को एक वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाना है।

इस अवसर पर स्नातक द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के बीच **प्रश्न–मंच प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया जिसमें **कुल 103 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग** किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर पुरस्कृत किया गया। जिसमें प्रथम स्थान पर ऑचल राय, द्वितीय स्थान पर वैष्णवी उपाध्याय तथा तृतीय स्थान पर कुमारी दर्पण रही।

उक्त कार्यक्रम का **संचालन डॉ. सुनील कुमार सिंह** ने किया। उक्त अवसर पर **डॉ. विवेकानन्द शुक्ल, डॉ. शाश्वत चन्देल, डॉ. सरिता सिंह, श्री आशुतोष दूबे** सहित विभाग के विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

## वार्षिक क्रीड़ा समारोह का उद्घाटन




दिनांक 25.02.2026 को महाविद्यालय में वार्षिक क्रीड़ा समारोह 2025–26 का आयोजन धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री पंकज सिंह थे। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र–छात्राएं अत्यंत भाग्यशाली हैं, जिन्हें अपनी पढ़ाई के साथ–साथ खेल का उत्कृष्ट मंच प्राप्त हुआ है। उन्होंने जोर देकर कहा कि खेल जीवन में अनेकानेक लाभ प्रदान करता है। विशिष्ट अतिथि बापू पीजी कॉलेज, पीपीगंज की प्रो. मंजू मिश्रा थी उन्होंने अपने संबोधन में खेल के शारीरिक व मानसिक लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि खेल से शरीर स्वस्थ रहता है और मानसिक स्वास्थ्य भी दुरुस्त बना रहता है। क्रीड़ा समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश सिंह ने की। उन्होंने वार्षिक क्रीड़ा समागम को वर्षभर की खेल तैयारियों का परीक्षण बताया। प्राचार्य महोदय ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है, जो व्यक्तित्व का परिष्कार करता है।

**क्रीड़ा प्रतियोगिता का प्रारंभ 800 मीटर दौड़ के साथ किया गया, जिसमें अतुल सिंह प्रथम स्थान, संदीप यादव द्वितीय स्थान और रविकिशन तृतीय स्थान प्राप्त कर विजयी रहे, वही 800 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में सोनाली मौर्या प्रथम, प्रिया राज निषाद द्वितीय और संजू यादव तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर बालक वर्ग दौड़ में निलेश कुमार यादव प्रथम, अतुल सिंह द्वितीय और आकाश निषाद तृतीय स्थान तथा बालिक वर्ग में अंकिता पाल प्रथम, साधना द्वितीय और रेनू शर्मा तृतीय स्थान पर रहें।** कार्यक्रम का स्वागत भाषण क्रीड़ा सचिव श्री अवधेश कुमार शुक्ल ने किया। अतिथि परिचय क्रीड़ा समिति के अध्यक्ष प्रो. परीक्षित सिंह ने प्रस्तुत किया, जबकि आभार ज्ञापन डॉ. नीतीश शुक्ला ने किया।

## महाविद्यालय में छात्र परिषद का गठन





**दिनांक 25.02.2026 को महाविद्यालय में सत्र 2025–26 हेतु छात्र परिषद का गठन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश सिंह की अध्यक्षता में किया गया। प्राचार्य ने अपने वर्षों के शिक्षण अनुभव से प्रेरित होकर कहा कि** छात्र परिषद कॉलेज की लोकतांत्रिक परंपरा का प्रतीक है, उन्होंने बताया कि उनके कार्यकाल में पूर्व परिषदों ने सांस्कृतिक उत्सवों और सामाजिक जागरूकता अभियानों को सफल बनाया, जिससे छात्र नेतृत्व मजबूत हुआ। परिषद में प्रिंस यादव को अध्यक्ष, सत्यम पांडे को उपाध्यक्ष, छत्रसाल सिंह को महामंत्री, छवि मौर्य को संयुक्त मंत्री, आशुतोष विश्वकर्मा एवं सताक्षी गुप्ता को संयुक्त पुस्तकालय मंत्री चुना गया।

**इस अवसर पर आई.क्यू.ए.सी समन्वयक प्रो. परीक्षित सिंह ने पदाधिकारियों को** उनके दायित्वों से अवगत कराते हुए शुभकामनाएं दीं। प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश सिंह ने छात्र परिषद के गठन एवं कार्य संयोजन में संयोजक डॉ. राकेश कुमार के प्रमुख योगदान की सराहना की।

## एयर स्ट्राइक दिवस के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन






**दिनांक 26.02.2026 को महाविद्यालय गोरखपुर के रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग द्वारा एयर स्ट्राइक दिवस के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि** 14 फरवरी 2019 को सी0आर0पी0एफ0 के काफिले पर पुलवामा में आत्मघाती आतंकवादी हमला हुआ था, जिसमें 40 जवान शहीद हो गये थे। जिसके प्रतिरोध में भारत ने 26 फरवरी, 2019 को पाकिस्तान के पाक अधिकृत कश्मीर के बालाकोट में स्थित आतंकवादी शिविरों के ऊपर एयर स्ट्राइक करके उनको नष्ट कर दिया था। **इस अवसर पर रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग के प्रभारी डॉ. राम प्रसाद यादव ने कहा कि** आतंकवाद सम्पूर्ण विश्व की सुरक्षा के लिए सबसे बड़ी चुनौती के रूप में उभरा है।

## वार्षिक क्रीड़ा समारोह का समापन





दिनांक 26.02.2026 को महाविद्यालय में आयोजित वार्षिक क्रीड़ा समारोह 2025–26 का समापन धूमधाम से संपन्न हो गया। मुख्य अतिथि सुधीर कुमार सिंह, पूर्व मुख्य वाणिज्य निरीक्षक पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर की उपस्थिति में 100 मीटर दौड़ बालक एवं बालिका वर्ग के आयोजन के साथ ही समारोह का औपचारिक समापन किया गया। कुल 29 प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया।

अतिथियों का स्वागत करने के उपरांत आयोजित इस समापन समारोह में **ओवरऑल चौंपियन के रूप में अतुल सिंह (200 मी0, 400 मी0, 800 मी0, 5000 मी0, 10000 मी0, 15000 मी0 दौड़ में गोल्ड मेडल) और सोनाली मौर्या (400 मी0, 800 मी0, 5000 मी0, 10000 मी0, 15000 मी0 दौड़ और 4×100, 4×400 में रिले रेस में गोल्ड मेडल) का चयन किया गया।** दोनों विजेताओं को सम्मानित कर उनकी उपलब्धियों पर महाविद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया। **विशिष्ट अतिथि प्रो. अनिल कुमार सिंह, प्राचार्य, महात्मा गांधी पीजी कॉलेज ने अपने संबोधन में छात्र–छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि** निर्भीकता, साहस और धैर्य ही किसी व्यक्ति को शीर्ष पर पहुंचाते हैं। **महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश सिंह ने अपने अध्यक्षीय उद्‌बोधन में खेलों को प्रोत्साहन एवं संरक्षण का विषय बताते हुए कहा कि** खेल उपेक्षा का विषय नहीं है। सरकार एवं समाज स्तर पर खेलों को मिल रहे संरक्षण से इनका स्वरूप निखर रहा है तथा गुणात्मक सुधार हो रहा है।

## महाविद्यालय द्वारा बैंकिंग करियर निर्माण हेतु मार्गदर्शन सेमिनार का सफल आयोजन






दिनांक 27.02.2026 को महाविद्यालय के स्नातक (वाणिज्य, कला एवं विज्ञान संकाय) के उत्तीर्ण एवं छठवें सेमेस्टर तथा स्नातकोत्तर स्तर के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए बैंकिंग क्षेत्र में करियर निर्माण के उद्देश्य से कला संकाय परिसर स्थित संवाद कक्ष में एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को निजी क्षेत्र के प्रमुख बैंकों में उपलब्ध रोजगार के अवसरों, चयन प्रक्रिया तथा आवश्यक कौशल विकास के संबंध में सम्यक जानकारी प्रदान करना था। सेमिनार में विद्यार्थियों को एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक एवं आई.सी.आई.सी.आई. बैंक में संभावित रोजगार अवसरों एवं साक्षात्कार प्रक्रिया के विभिन्न चरणों से अवगत कराया गया।

**मुख्य वक्ता के रूप में एनआईआईटी के प्रतिनिधि डॉ. अविनाश श्रीवास्तव ने बैंकिंग क्षेत्र की वर्तमान आवश्यकताओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि** आज के समय में बैंक केवल शैक्षणिक योग्यता ही नहीं, बल्कि विश्लेषणात्मक क्षमता, डिजिटल बैंकिंग की समझ, ग्राहक सेवा कौशल एवं समस्या समाधान की दक्षता को भी प्राथमिकता देते हैं।

**विशिष्ट वक्ता ई. पियूष पाण्डेय ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कम्युनिकेशन स्किल, व्यक्तित्व विकास तथा प्रोफेशनल एटीकेट्स की महत्ता को रेखांकित किया।** उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि

बैंकिंग क्षेत्र में प्रथम प्रभाव अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। **कार्यक्रम का स्वागत एवं संचालन प्लेसमेंट सेल के संयोजक डॉ. पवन कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि** महाविद्यालय की प्राथमिकता केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुख बनाना भी है। **कार्यक्रम में कुल 173 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर बैंकिंग क्षेत्र में अपने उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्राप्त किया।**

## अखिल भारतीय अन्तरविश्वविद्यालय बाक्सिंग पुरुष में महाविद्यालय के छात्र का चयन



**दिनांक 27.02.2026 को महाविद्यालय के बी.ए. तृतीय वर्ष के छात्र रितेश कुमार प्रभात** का चयन अखिल भारतीय अन्तरविश्वविद्यालय बाक्सिंग (पुरूष वर्ग) में गोरखपुर विश्वविद्यालय की तरफ से हुआ।

**इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने विद्यार्थी को बधाई देते हुए कहा कि** यह महाविद्यालय के लिए यह गर्व का विषय है इससे अन्य विद्यर्थियों को भी प्रेरणा लेते हुए अपनी रूचि के खेल में प्रतिभाग करना चाहिए।

## ''इम्पैक्ट ऑफ एसिड रेन ऑन प्लान्ट ग्रोथ'' विषय पर अतिथि व्याख्यान





दिनांक 27.02.2026 को **महाविद्यालय में आई.क्यू.ए.सी. एवं प्राणि विज्ञान विभाग द्वारा ''इम्पैक्ट ऑफ एसिड रेन ऑन प्लान्ट ग्रोथ''** विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें **मुख्य अतिथि प्रो. अजय सिंह, समन्वयक, आई.क्यू.ए.सी., दी.द.उ.गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर** थे। उन्होने कहा कि अम्लीय वर्षा कृषि के लिए अत्यन्त हानिकारक है जो मिट्टी की उर्वरता को नष्ट कर फसलों को सीधे नुकसान पहुँचाती है।

**विशिष्ट अतिथि डॉ. अमरनाथ तिवारी, सहायक आचार्य, वाणिज्य विभाग, महंत अवेद्यनाथ राजकीय महाविद्यालय, जंगल कौड़िया, गोरखपुर** थे। उन्होने अपने उद्‌बोधन में कहा कि विज्ञान ने प्रकृति के रहस्यों को सिद्धान्त के रूप में लाकर मानवता की सेवा करने का प्रयास किया हैं तकनीकी व उद्यमिता को हमें साथ लेकर चलना होगा, तभी अपेक्षित सफलता प्राप्त होगी। जीवन में असफलता से भी हमे सीख लेनी चाहिए।

**कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि** एसिड रेन के प्रभाव से खेती के साथ ही अन्डरग्राउण्ड पानी सीधे पीने लायक नही रह जाता।

## संस्थागत नवाचार प्रकोष्ठ के तत्वावधान में नवाचार प्रदर्शनी का आयोजन







दिनांक 28.02.2026 को महाविद्यालय में विज्ञान दिवस के अवसर पर संस्थागत नवाचार प्रकोष्ठ के तत्वावधान में नवाचार प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य वक्ता, प्रो. हरिशरण, पूर्व प्रतिकुलपति, दी0द0उ0 गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर थे उन्होने विद्यार्थियों द्वारा लगाये गये प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि आज हम उस मोड़ पर खड़े हैं। जहां से दुनिया काफी तेजी से बदल रही है। भारत सरकार के लक्ष्य विकसित भारत 2047 की दिशा में हम लगातार कार्य कर रहे हैं।



**मुख्य अतिथि प्रो. रामअवतार वर्मा प्रभारी, वनस्पति विज्ञान विभाग, मदन मोहन मालवीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भाटपाररानी, देवरिया** थे उन्होंने कहा कि हम अपने युवाओं को नये विचार देकर आने वाले चुनौतियों के तैयार कर सके, इस दिशा में कार्य करना होगा।






**विशिष्ट अतिथि प्रो. उदयभान, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, गोरखपुर** थे उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का प्रयास सराहनीय है। महाविद्यालय में प्रतिभाओं की कमी नही है, इन्हें उचित अवसर व सुविधा प्रदान करने की आवश्यकता है।

**कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह** ने कहा कि अच्छे मन से किया हुआ कार्य सुखद परिणाम लेकर आता है। नया विचार, नई पद्धति और नया प्रोडक्ट ने अलग लेकर आने वाला नवाचार है, जो आने वाले समय का आविष्कार सिद्ध होगा। उक्त अवसर पर नवाचार प्रदर्शनी में कुल 24 ग्रुप ने अपना प्रतिभाग किया, जिसमें **प्रथम स्थान पर ग्रीन सिटी विथ मॉडल टेक्नॉलाजी** विषय पर कुमारी रोशनी की टीम, **द्वितीय स्थान पर हिमोडायलिसिस रि थिंकिंग** विषय को लेकर आयुष्मान सिंह की टीम एवं **तृतीय स्थान पर ग्रीन गंगा मिशन** को लेकर अरूणिमा शुक्ला की टीम विजयी रही।

Feburary